


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 92 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 10 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया

## रणायरा की सरपंच चुनी गई मोहन बाई

**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ विकासखंड के रणायरा ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए हुए उपचुनाव के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। मोहन बाई पति अर्जुन सिंह गांव की प्रधान चुन ली गई है। पंचायत चुनाव का रिजल्ट आने के बाद मंगलवार को ग्रामीणों ने सरपंच का जुलूस निकालकर जश्न मनाया।

जानकारी के अनुसार मल्हारगढ़ विकासखंड के रणायरा गांव में 5 जनवरी को सरपंच के पद पर चुनाव हुए थे। सरपंच पद के लिए गांव की चार महिला अभ्यर्थी मैदान में थी। गांव के 2168 मतदाताओं में से 1873 मतदाताओं में मताधिकार का उपयोग किया था। सरपंच चुनी गई मोहन बाई अर्जुन सिंह को 996 मत मिले। जबकि, निकटतम प्रतिद्वंदी बसंती बाई पति ज्ञान सिंह को 589 मत मिले। 407 मतों से मोहन बाई पति अर्जुन सिंह विजयी हुई। सरपंच के समर्थको ने गांव में जीत का जश्न मनाया। उल्लेखनीय है कि तीन माह पहले पूर्व सरपंच मंजू बाई पति राजेंद्र सिंह की सांप के काटने से मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से गांव में सरपंच पद रिक्त था। 5 जनवरी को उपचुनाव हुए थे। मंगलवार को हुई मतगणना में गांव को नई सरपंच मिल गई।

## युवक और प्रौढ़ ने फांसी लगाई

**नारायणगढ़, 9 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र में दो अलग- अलग जगहों पर एक युवक और एक प्रौढ़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार बूढा चौकी अंतर्गत चिल्लोद पिपलिया में शुभम शर्मा उम्र 18 वर्ष ने फांसी लगा ली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इसी तरह से गांव लिंबावास में तुलसीराम पिता मांगीलाल उम्र 45 वर्ष ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम किया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है।

# सत्ता के बिना विधायकी, कप्तानी का बोझ अलग

## भाजपा में बैठकों का दौर जारी, कांग्रेस फिलहाल डिप्रेशन में

**लोस चुनाव दहलीज पर, नहीं जागी कांग्रेस**

**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कोई भी चुनाव हो या खेल, कप्तान की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। राजनीतिक पार्टी में अध्यक्ष ही कप्तान



की भूमिका निभाता है। ऐसे में लोस चुनाव के पहले किसी भी पार्टी के जिलाध्यक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। संसदीय क्षेत्र में एक मात्र सीट जीतकर विपीन जैन मंदसौर से विधायक तो बन गए। लेकिन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के बोझ से उन्हें हल्का नहीं किया गया। विधायकी को समझने में लगे विपीन जैन फिलहाल संगठन में उतना समय भी नहीं दे पा रहे। इधर लोस चुनाव को लेकर जहां भाजपा की बैठकों का दौर जारी है वहीं विस चुनाव की हार से मानो कांग्रेस डिप्रेशन में चली गई हो। बड़े नेताओं ने बैठक में फरवरी में कांग्रेस प्रत्याशी घोषित करने के दावे किए है। मतलब अगले माह प्रत्याशी घोषित हो जाएंगे। वहीं दहलीज पर खड़े लोकसभा चुनाव को लेकर एक स्वतंत्र कप्तान ही कांग्रेस के पास मौजूद नहीं है।

### दोनों अध्यक्षों की तुलना में अटोलिया आगे...

कांग्रेस जिलाध्यक्ष और भाजपा के अध्यक्ष की तुलना की जाए तो चुनाव बाद भाजपा जिलाध्यक्ष आगे निकल गए है। इसका कारण है कि विपीन जैन संगठन की रणनीति या योजना तैयार करने के लिए समय नहीं दे पा रहे। लगातार भोपाल के दौरे और विधायक होने के नाते लोगों के संपर्क में रहने का प्रयास वह कर रहे हैं। यहीं कारण है कि स्थानीय नेताओं या कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों का दौर फिलहाल निरंतरता नहीं बना पाया है। दूसरी तरफ भाजपा कार्यालय हो या आसपास के तहसील मुख्यालय, भाजपा की बैठकें जारी है।

### कांग्रेस का दावा-फरवरी में तय हो जाएंगे लोकसभा प्रत्याशी...

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस अब लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। कांग्रेस का दावा है कि वो फरवरी महीने में ही लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश की सभी 29 सीटों पर प्रत्याशी तय कर देगी। भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस की तीन अहम बैठक हुई। सुबह प्रदेश चुनाव समिति की बैठक, इसके बाद पॉलिटिकल अफेयर्स समिति की बैठक और फिर दोपहर बाद जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी और लोकसभा सीटों पर नियुक्त किए गए कॉर्डिनेटर्स की बैठक हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव की रणनीति से लेकर राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर चर्चा की गई।बैठक के बाद मीडिया से चर्चा में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने नई टीम के गठन को लेकर बड़ी बात कही। उन्होंने कहा- काम करने वाले लोगों को पद मिले। जो खुद बूथ जीत सकते हैं, उनको जगह मिलनी चाहिए। जो खुद बूथ नहीं जीत पाते और बड़ी-बड़ी राजनीति करते हैं। उनके लिए एक सिस्टम बनाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा- प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में ये तय हुआ कि समिति के सदस्य अलग-अलग लोकसभा क्षेत्र में जाएंगे और जिला अध्यक्ष और मंडल संगठन से चर्चा करेंगे। जिसके बाद नामों एक पैनल बनाकर 30 जनवरी तक देंगे। हमारी कोशिश है कि जल्द से जल्द टिकट की घोषणा कर पाए।

### कांग्रेस में तीन, भाजपा ने बदले छह...

साल 2000 में कांग्रेस नेता प्रकाश रातडिया नपाध्यक्ष का चुनाव हारे। 2011 में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बने। 2021 में प्रकाश रातडिया को कमान दी गई तो एक साल पहले विपीन जैन को अध्यक्ष बनाकर जिम्मेदारी सौंपी। मतलब बारह साल में कांग्रेस ने तीन अध्यक्ष बनाए। इधर भाजपा की बात करें तो साल



2013 में मदनलाल राठौर जिलाध्यक्ष रहें। इसके अलावा वे जिला पंचायत व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रहें। साल 2013 से लगातार तीन वर्षो तक सुधीर गुप्ता भाजपा जिलाध्यक्ष रहें। साल 2014 में वे सांसद चुने गये और लगातार दो बार कांग्रेस में गांधी परिवार की निकटतम मीनाक्षी नटराजन को प्रचण्ड बहुमत से पराजित कर चूके है। साल 2016 में वर्तमान विधायक देवीलाल धाकड़ भाजपा जिलाध्यक्ष मनोनीत हुए, लेकिन 2018 में गरोठ विधानसभा चुनाव मैदान में उतरने के बाद जिलाध्यक्ष पद छोड दिया और विधायक निर्वाचित हो गये।साल 2018 में गरोठ क्षेत्र से विधायक रहें चंदरसिंह सिसोदिया को भाजपा ने अपना जिलाध्यक्ष बनाया कुछ माह तक वे इस पद पर रहे। साल 2018 के आखरी में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रहे राजेन्द्र सुराणा को भाजपा ने अपना जिलाध्यक्ष बनाया। इसके बाद नानालाल अटोलिया को अध्यक्ष पद की कमान 2020 में सौपी गई।

### होकम अपने खेल में उलझा रहे विपीन को...

इधर विपीन जैन चुनाव जरुर जीत गए। लेकिन, तीन बार के विधायक रहे भाजपा प्रत्याशी यशपालसिंह सिसौदिया का खेल मानो अभी भी जारी है। होकम हारे हुए प्रत्याशी जरुर है, लेकिन सत्ताधारी दल के प्रत्याशी है। ऐसे में पहली बार विधायकी संभाल रहे विपीन जैन को हर तरफ से घेरने का मानो प्रयास हो रहा है। सरकारी कार्यक्रमों में विधायक का नाम ही अतिथियों में नहीं है तो सार्वजनिक कार्यक्रमों में यशपाल सिंह सिसौदिया का नाम पहले लिखा जा रहा है। इधर सार्वजनिक कार्यक्रमों में तेज तर्राट होकर लोगों की भीड़ में यशपाल देखे जा सकते हैं तो मानो ऐसा लगता है विपीन जैन को बहुत कुछ सीखना फिलहाल बाकी है!

# जनप्रतिनिधियों की बात को हल्के में ले रहे अफसर...

एक समय था जब जनप्रतिनिधियों के सरकारी दफ्तर पहुंचते ही अफसर और कर्मचारी अटेंशन हो जाया करते थे। जिले की बात करें तो छोटी मोटी गुस्ताखी के बाद रातों रात अफसर के स्थानांतरण का फैक्स उतरते हुए देखा गया। लेकिन, अब ब्यूरोक्रेसी हावी हो रही है। कहीं न कहीं इसका कारण है भोपाल से मंत्रियों द्वारा भेजे गए अपने खास अफसर। हालांकि, एक बार फिर पत्र के माध्यम से शासन ने अफसरों को जनप्रतिनिधियों का सम्मान करने का पाठ पढ़ाया है।

वर्तमान में जनप्रतिनिधियों पर अफसर भारी पड़ रहे हैं। सत्ताधारी पार्टी के बड़े नेताओं से लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक और यहां तक कि सांसदों की भी कोई पूछ परख नहीं हो रही। अधिकारी इतने बेखौफ हो गए हैं कि एमपी, एमएलए के साथ हिमाकत तक पर उतर आए हैं। हाल ये है कि राज्य सरकार को इस संबंध में अफसरों को बाकायदा पत्र लिखकर हिदायत देनी पड़ रही है। एमपी, एमएलए से शिष्टाचार निभाने के लिए अधिकारियों को पहले भी पत्र लिखा जा चुका है। कुछ जगहों पर तो विधायक, सांसदों के लिए प्रोटोकाल तक का पालन नहीं किया जा रहा। प्रदेशभर में ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इस पर सरकार सक्रिय हुई है। सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से पत्र लिखकर अधिकारियों के लिए बाकायदा निर्देश जारी करने पड़े हैं। इससे पहले सीएम डॉ. मोहन यादव भी अधिकारियों को एमपी, एमएलए के साथ शिष्टता से व्यवहार करने की हिदायत दे चुके हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने भी सीएम के ही निर्देश पर प्रदेशभर के वरिष्ठ अधिकारियों को इस संबंध में पत्र लिखा है। सभी विभागीय प्रमुखों के साथ कमिश्नर, कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को ये पत्र लिखकर उनसे एमपी, एमएलए के प्रति शिष्टाचार बरतने को कहा है। इन जनप्रतिनिधियों को सरकारी कार्यक्रमों में बुलाने के निर्देश भी दिए।

### मंदसौर का यह उदाहरण...

कुछ समय पहले तत्कालीन विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने तत्कालीन मंदसौर सीएमएचओ डॉ एके मिश्रा को अपने कार्यालय में मरीज देखते हुए रंगे हाथों पर्चियों के साथ पकड़ा। काफी नाराजगी उन्होंने जताई। तीसरी बार के विधायक और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता की नाराजगी से अंदाजा लगाया जा रहा था कि कहीं न कहीं मिश्रा जी पर बड़ी गाज गिर सकती है। लेकिन, हुआ यह कि उनका स्थानांतरण मंदसौर से महज पचास किमी दूर नीमच हो गया। जहां बड़े अस्पताल में वह सिविल सर्जन के पद पर पदस्थ हो गए।

**सेमली में श्री राम अक्षत कलश यात्रा में सांप्रदायिक विवाद...**

## आठ आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी के अतिक्रमण पर चली जेसीबी

**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नई आबादी थाना क्षेत्र के सेमली गांव में सोमवार शाम को श्री राम अक्षत कलश यात्रा के दौरान सांप्रदायिक विवाद हो गया था। इसके बाद से गांव में पुलिस बल तैनात है। वहीं पुलिस ने धार्मिक यात्रा में विघ्न डालने वाले आठ नामजद और करीब 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ धार्मिक उन्माद फैलाने, बलवा और मारपीट जैसी धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मंगलवार दोपहर में मुख्य आरोपी के अतिक्रमण पर प्रशासन की जेसीबी चलाकर जमींदोज किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात सेमली गांव में श्री राम अक्षत कलश यात्रा के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया था। मौके पर आसपास के थानों और पुलिस लाइन से बल भेजकर गांव में तैनात किया गया। देर रात पुलिस की समझाइश पर मामला शांत हुआ। नई आबादी थाना पुलिस ने फरियादी अजय पिता किशोर प्रजापत की शिकायत पर गफूर पिता घासी अजमेरी सहित आठ नामजद और 15-20 अन्य लोगों के खिलाफ धारा 295, 147, 294, 506 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने नामजद सभी आठों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अज्ञात आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है।

### आरोपी के अतिक्रमण पर चली जेसीबी...

रात में हुए विवाद के बाद मंगलवार को दोपहर में प्रशासन का अमला पुलिस बल के साथ डिगांव चौपाटी पहुंचा। जहां आरोपी गफूर अजमेरी की शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर रखी गुमटी पर जेसीबी चलाकर हटा दिया। आरोपी गुमटी में ऑटो गैरेज का संचालित करता था। सोमवार रात हुए साम्प्रदायिक विवाद के बाद सेमली गांव में आसपास के थानों और पुलिस लाइन से बल लगाया है। नई आबादी टीआई रोहित कछावा ने बताया की गांव में शांति बनी हुई है।

## युवक के कब्जे से अवैध शराब और चोरी की बाइक बरामद

**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर कोतवाली पुलिस को अवैध शराब तस्करों के कब्जे से जहरीली शराब और चोरी की



बाइक बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर तस्करी के आरोपियों को हिरासत में लिया और अवैध शराब बरामद की। पूछताछ की तो पता लगा कि जिस बाइक से शराब की तस्करी की जा रही थी वह भी चोरी की है।

शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि पशुपतिनाथ छोटी पुलिया न्यायालय रोड अखाड़े के सामने से होकर अवैध जहरीली शराब परिवहन होने वाली है। इस सूचना पर सउनि रुमसिहं चौहान व उनकी टीम ने कार्यवाही करते हुए पशुपतिनाथ छोटी पुलिया न्यायालय रोड अखाड़े के सामने एक बिना नंबर की डीलक्स मोटर सायकल को घेराबंदी कर रोका और मौके से जाफर पिता शकुर मेवाती जाति मुसलमान उम्र 24 साल निवासी मदारपुरा मंदसौर एवं विवेक पिता राजेश चोधरी उम्र 23 साल निवासी रेलवे स्टेशन रोड थाना शहर कोतवाली जिला मंदसौर को हिरासत में लेकर इनके कब्जे वाली बाइक सफेद रंग की कैन में 5 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की जहरीली शराब जप्त की। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे वाली मोटर सायकल के दस्तावेज भी नहीं थे। पुलिस ने पुछताछ की तो पता लगा कि आरोपियों ने उक्त मोटर सायकल पशुपतिनाथ मेले से चोरी की थी। पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर मोटर सायकल और अवैध शराब जप्त कर प्रकरण दर्ज किया।

# न्यायालय में जहर भरा लिफाफा भेजने वाला आरोपी गिरफ्तार

## कोर्ट केस जल्दी निपटाने के लिए भेजा था लिफाफा

**रतलाम, 9 जनवरी गुरु एक्सएप्रेस। जिला न्यायालय की व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठखण्ड को जहर भरा लिफाफा भेजने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि आरोपी का कोई प्रकरण न्यायालय में चल रहा है,जिसे जल्दी निपटाने के लिए उसने यह हरकत की थी।**

उल्लेखनीय है कि जिला न्यायालय में मंगलवार दोपहर उस वक्त हडकम्प मच गया था,जब व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठखण्ड मुग्धा कुमार को डाक से एक जहर भरा लिफाफा भेजा गया था। जहर भरा लिफाफा भेजे जाने की जानकारी सामने आते ही जिला न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान समेत वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों ने मामले की सूचना पुलिस को दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पंहुचे और उन्होने लिफाफा और उसमे रखे पत्र व जहरीले पदार्थ को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जहर भरा लिफाफा रिंगनिया निवासी दशरथ शर्मा ने भेजा था। जानकारी मिलने पर पुलिस ने दशरथ के विरुद्ध भादवि की धीरी 326,328 और 332 के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी दशरथ को गिरफ्तार भी कर लिया है। बताया जाता है कि दशरथ के किसी पारिवारिक विवाद का प्रकरण



व्यवहार न्यायाधीश मुग्धा कुमार के न्यायालय में प्रचलित है। इसी प्रकरण को जल्दी निपटाने के लिए दशरथ द्वारा यह हरकत की गई थी।




# कोहरे में खोया-खोया मंदसौर

**कंपकंपा रही ठंड, बारिश की संभावना बनी हुई**

**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। अंचल के मौसम में ठंड के साथ बारिश की संभावना भी बरकरार है। इधर इस बार कोहरे में मंदसौर ज्यादा समय तक खोया रहा। पिछले सालों की बात करें तो इस सीजन में ज्यादा समय तक कोहरा छाया रहा। कोहरे ने यहां ऐसा डेरा डाल दिया है कि इस सीजन लगातार नौ दिन से आसमान धुंधलाया हुआ है। सुबह से शाम तक लगातार कोहरा छाने की अवधि अधिकतम 16 घंटे तक रही। कई दिन विजिबिलिटी 150 मीटर रही। यानी कोहरा ज्यादा देर, ज्यादा दिन, ज्यादा घना रहा।**



दरअसल तापमान और ठंडी हवाओं से वायरल, सर्दी, खांसी, और गले में खराश की परेशानी बढ़ गई है। लोगों की खांसी 8 से 10 दिन तक ठीक नहीं हो रही। अस्पतालों की ओपीडी में पहुंचने वाला हर चौथा व्यक्ति ऐसी ही समस्या से जूझ रहा है। अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की संख्या दुगुनी हो गई है। 10 दिन में मौसम दो बार बदला है। इसके चलते दिन में ठंड पड़ने लगी है। डॉक्टर्स का मानना है कि इस तरह के मौसम में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। चिकित्सकों के अनुसार बदलते मौसम के कारण रोगियों को सर्दी, खांसी व गले में तेज दर्द की परेशानी होती है। बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए घर का बना पौष्टिक भोजन खिलाएं।

### कोहरे से शुरु हुई सुबह, कोहरे के साथ खत्म..

सोमवार से एक्टिव हुए पश्चिमी विक्षोभ का असर से दोबारा मौसम में बदलाव आया है। इसके असर से अगले 24 घण्टो में बारिश के आसार बन रहे हैं। आज सुबह से कोहरा छाया हुआ है इससे दृश्यता 200 से 300 मीटर तक रही। न्यूनतम तापमान 11 डिग्री और अधिकतम तापमान 20 डिग्री के आसपास बना हुआ हैं। बुधवार की भी जिले के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना बन रही है। अगले दो तीन दिन और मौसम ऐसा ही बना रहेगा। 12 जनवरी के बाद बादल और कोहरे से राहत मिलेगी। लेकिन, ठंड में ज्यादा अंतर नहीं आएगा। मौसम वैज्ञानिकों ने मंगलवार को मालवा (उज्जैन संभाग) में ओलावृष्टिऔर हल्की बारिश का अनुमान जताया है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक दिव्या सुरेंद्रन के अनुसार पंजाब के ऊपर साइकोनिक सर्कुलेशन सिस्टम और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस आने वाले दिनों में स्ट्रॉन्ग होगा। मध्यप्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र में बारिश होने के आसार है। ओले भी गिर सकते हैं। कोहरा अगले दो-तीन दिन तक और रहेगा। सिस्टम के गुजरने के बाद रात के टेम्प्रेचर में गिरावट होगी।

### फसलों के उत्पादन पर पड़ रहा असर...

जनवरी माह में लगातार कोहरा होने का असर फसलों पड़ने ने लगा है। सबसे अधिक असर गेहूं व सरसो पर देखा जा रहा है। धूंध के कारण गेहूं के फूल काले दिखाई देने लगते हैं, सरसो में महुए का प्रकोप बढ़ रहा है।





# नरसिंहघाट नाले को अतिक्रमण से मुक्त कराने हेतु याचिका की सुनवाई 10 फरवरी को

**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सामाजिक कार्यकर्ता व भागवत नगर विकास एवं सेवा समिति अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्रसिंह तोमर व सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व पार्षद विजय कुमार शर्मा ने अपने अभिभाषक पुखराज दशौरा व महेश कुमार मोदी के माध्यम से नरसिंहघाट नाले को अतिक्रमण से मुक्त कराने हेतु एक याचिका न्यायालय लोकोपयोगी सेवाओं की स्थाई लोक अदालत मंदसौर के न्यायाधीश श्री हर्षसिंह बहरावत के समक्ष प्रार्थना पत्र अंतर्गत विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 अध्याय -6- ए प्रस्तुत कर सहायता की मांग की है। मामले में विपक्षियों को नोटिश जारी होंगे व अगली सुनवाई 10 फरवरी को होगी। गौरतलब है कि वर्षों पुराने नरसिंहघाट नाले पर कई कॉलोनाइजरों ने मिलकर कॉलोनी बना डाली व नाले के स्वरूप को ही बदल डाला है।

**यह है पूरी याचिका –** प्रस्तुत याचिका में कलेक्टर मन्दसौर, उप संचालक ग्राम एवं नगर निवेश विभाग नीमच, सीएमओ नगर पालिका परिषद मन्दसौर, अमित अग्रवाल पिता रोशनलाल जी अग्रवाल कॉलोनाइजर निवासी- अम्बा पैलेस के पास मन्दसौर, संजय पिता जानकीलाल सिंहल (कबाड़ी) भूमि स्वामी सर्वे नम्बर 1456 निवासी- जनकुपुरा मन्दसौर, कॉलोनाइजर, श्री जी पार्क कॉलोनी मन्दसौर को विपक्षी पार्टी बनाया गया है। याचिका में लिखा गया है कि प्रार्थीगण सामाजिक कार्यकर्ता होकर मंदसौर के जागरूक नागरिकगण हैं एवं जनहित के मसलों पर लगातार कार्य करते आ रहे हैं तथा मंदसौर शहर के स्थाई निवासी हैं। साथ ही प्रार्थी क्रमांक एक भागवत नगर विकास एवं सेवा समिति मंदसौर का अध्यक्ष व प्रार्थी क्रमांक 2 मन्दसौर नपा का पूर्व पार्षद व सामाजिक कार्यकर्ता है। जबकि विपक्षी क्रमांक 01 मंदसौर कलेक्टर होकर मध्य प्रदेश शासन के प्रतिनिधि हैं तथा पूरे जिले की सीमा में स्थित नदी नाले बावड़ी कुआं और तालाबों के संरक्षक हैं व कॉलोनी की अनुमति देने का कार्य करते है तथा विपक्षी क्रमांक 02 पर कॉलोनी एक्ट के प्रावधानों को लागू करने में अभिमत देने की जिम्मेदारी होती है। विपक्षी क्रमांक 03 पर कॉलोनी से संबंधित विकास कार्य व अन्य नियमों के पालन कराने व नालों, तालाबों, कुओं व बावड़ियों पर से अवैध अतिक्रमण हटाने व इनके संरक्षण की जिम्मेदारी है। तथा विपक्षी क्रमांक 04 कॉलोनाइजर व विपक्षी क्रमांक 05 सर्वे नबंर 1456 का भूमि स्वामी है व विपक्षी 06 श्री पार्क कॉलोनी का कॉलोनाइजर है।

याचिका में बताया गया है कि रिंगवाल रामटेकरी- नरसिंहपुरा- मदारपुरा रोड़ से एक रियासतकालीन नाला निकलता है जो नरसिंहघाट होते हुए नरसिंहपुरा पुलिया तक जाता है और इस नाले को नरसिंहघाट नाले के नाम से जाना जाता है। यह नाला बहुत पुराना होकर मन्दसौर की धरोहर है व इस नाले के एक तरफ भागवत नगर, हनुमान नगर, सिद्धचक्र विहार आदि तो दूसरी तरह श्रीनाथ विहार, नरसिंहपुरा कॉलोनी स्थित है जिनका नालियों का पानी इस नाले से होकर बाहर जाता है। इसी नाले पर पुरातनकालीन कुँआ व बावड़ी स्थित है तथा एक अखाड़ा है व बालाजी मंदिर है तथा कई देवी देवताओं की पुरानी मूर्तियां भी स्थित है, जिसे नरसिंहघाट के नाम से जाना जाता है। यह मन्दसौर शहर की आस्था व विश्वाश का एक केन्द्र है। यहां पर पूरे शहर के नागरिक दर्शन करने, स्नान करने आते है, कई पहलवान यहां अभ्यास करते है। विपक्षी क्रमांक 1, 2व 3 की अनदेखी के कारण विपक्षी क्रमांक 4 व 5 ने अन्य कई लोंगों के साथ मिलकर इस पुरातनकालीन नाले पर अवैध रूप से कॉलोनी काट दी है तथा पूरे नाले पर भागवत नगर कॉलोनी व नरसिंहघाट क्षेत्र की सीमा में अवैधानिक निर्माण कार्य किया है जिससे वर्षों पुरानी ऐतिहासिक नाले का स्वरूप बदल गया है। इस नाले पर हुए निर्माण कार्य के कारण नाला बन्द होता जा रहा है और कुआँ व बावड़ी में पानी भी सूखता जा रहा है। इस प्रकार विपक्षीगण के कारण एक नाला अपना अस्तित्व खोता नजर आ रहा है। विपक्षीगण की खामियों के कारण इस नाले पर नरसिंहघाट अखाड़े से लेकर नरसिंहपुरा पुलिया जो कि जीवगंज जाने वाले रास्ते पर है तक भी कॉलोनाइजरों ने इस नाले को बंद कर दिया है, जबकि इस नाले पर पुलिया निर्माण की अनुमति दी गई थी लेकिन इस नाले पर श्री जी पार्क कॉलोनी के कॉलोनाइजर ने नाले को बंद कर दिया है जिस कारण नाले के आस पास की कॉलोनियों में जल भराव की आशंका बढ़ गई है। पूरे नरसिंहघाट नाले पर कॉलोनाइजरों द्वारा नियमों के विपरीत निर्माण कार्य किये गए है लेकिन जिम्मेदार विपक्षी क्रमांक 1, 2 व 3 के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने से वर्षों पुराना नरसिंहघाट नाला अपने स्वरूप को खो चुका है। याचिका में कहा है कि इस संबंध में प्रार्थीगण ने कई बार विपक्षी 1 व 2 व 3 को शिकायतें की, मन्दसौर के सभी समाचार पत्रों ने इन मामले को कई बार प्रमुखता से प्रकाशित भी किया है पर कोई कार्यवाही नहीं होने से यह प्रार्थना पत्र श्रीमान न्यायालय में प्रस्तुत करना आवश्यक हुआ है। उपरोक्त नाले पर विपक्षी क्रमांक 4, 5 व 6 द्वारा नियमों के विपरीत कॉलोनी निर्माण के लिए उसे बंद किया जा रहा है व श्री जी पार्क कॉलोनी के हिस्से में तो पूरी तरह नियमों के विपरीत बंद कर दिया गया है, ओर विपक्षी 1, 2 व 3 द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं करने के कारण यह पुरातनकालीन नाला अपना स्वरूप खोता जा रहा है। जिस कारण क्षेत्र के नागरिक भारी परेशान है। नाले के पास स्थित कुआँ व बावड़ी को भी बंद किया गया है जिससे कई लोग पानी की सेवा से वंचित हो रहे है। उपरोक्त मामला लोकोपयोगी सेवा के अंतर्गत आने से श्रीमान न्यायालय को मामले को सुनने का क्षेत्राधिकार व श्रवणाधिकार प्राप्त है।

**यह सहायता चाही गई –** विपक्षी एक लगायत तीन को निर्देशित किया जावे की वह शासन के नियमों के अनुसार नरसिंहघाट नाले के सम्पूर्ण क्षेत्र का सीमांकन कराकर पुराने स्वरूप को जीवत करें। व विपक्षी क्रमांक 4, 5 व 6 द्वारा मिलीभगत कर सम्पूर्ण नाला क्षेत्र में किये गए अवैध निर्माण कार्य को तत्काल हटवाया जावे। - विपक्षी क्रमांक 1, 2 व 3 को निर्देशित किया जावे कि नरसिंहघाट नाले पर अवैध रूप से बनाई गई सड़क व अन्य निर्माण को भी विपक्षी 4, 5 व 6 से तत्काल हटवाया जावे। - विपक्षी 1, 2 व 3 की घोर लापरवाही के कारण विपक्षी 4, 5 व 6 के द्वारा नरसिंहघाट नाले के अस्तित्व को समाप्त किया गया है जिस कारण सभी विपक्षीगण पर जुर्माना किया जावे व वैध कानूनी कार्यवाही जो भी न्यायोचित हो की जाने का आदेश प्रदान किया जावे। - अन्य सहायता जो श्रीमान न्यायालय उचित समझे प्रदान की जावें। याचिकाकर्ता डॉ तोमर व श्री शर्मा के अभिभाषकगण श्री पुखराज दशौरा व श्री महेश कुमार मोदी ने बताया कि माननीय न्यायालय द्वारा याचिका को सुनवाई हेतु स्वीकार कर लिया गया है। प्रकरण में सभी विपक्षी पक्षकारों को नोटिश जारी होंगे। प्रकरण में अगली सुनवाई 10 फरवरी 2024 को होगी।

## रासेयो इकाई मनासा की स्वयं सेविका माया गुर्जर का हुआ आगाज इंटर्नशीप में चयन

**मनासा, 9 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय की स्वयंसेविका माया



गुर्जर पिता शिवलाल गुर्जर का चयन आगाज किशोर एवं युवा बाल संरक्षण इंटर्नशिप में हुआ। इनका चयन बाल संरक्षण एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों में सक्रियता को देखते हुए आगाज इंटर्नशिप हेतु किया गया। माया गुर्जर आगामी 3 महीने तक बाल हिंसा विषय पर विभिन्न गतिविधियां एवं नवाचारों के माध्यम से समाज में कार्य करेगी। इनके इस चयन पर राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक प्रो. अरुण कुमार चौरसिया, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एम.एल. धाकड, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आशा पटेल साहित समस्त स्टाफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की।

## डॉ. अम्बेडकर मांगलिक भवन नरसिंहपुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर लगाया



**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन शासन के द्वारा किया जा रहा है। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिले इसके लिये कल मंगलवार को नरसिंहपुरा स्थित डॉ. अम्बेडकर मांगलिक भवन में नपा परिषद व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आये हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों के द्वारा दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को अतिथिगणों के हाथों हितलाभ के पत्रक का भी वितरण कराया गया। मंदसौर के वार्ड नं. 15 से 36 तक निवासरत नागरिकों के लिये यह शिविर आयोजित किया गया। प्रात: 11 से सायं 5 बजे तक आयोजित इस शिविर में शासन के सभी विभागों के अधिकारीगणों कर्मचारीगणों ने केन्द्र की मोदी सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से यदि कोई व्यक्ति लाभान्वित होने से वंचित है तो उनके आवेदन लिये गये। विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आयोजित इस शिविर में कलेक्टर श्री दिलीपकुमार यादव ने भी पहुंचकर शिविर में लगे स्टालों का निरीक्षण किया और हितग्राहियों से चर्चा की। शिविर का उद्घाटन हुडको डायरेक्टर श्री बंशीलाल गुर्जर, भाजपा दक्षिण मण्डल के अध्यक्ष श्री अजय आसेरी, नपा अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रितेश चावला, क्षेत्रीय पार्षदगण श्रीमती प्रतिभा भैरवे, गोवर्धन कुमावत ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। शिविर में नपा सभापतिगण निलेश जैन, निर्मला चंदवानी, दीपमाला मकवाना, पार्षद सुनीता भावसार, भावना जयप्रकाश पमनानी, कमलेश सिसौदिया, शराफत शेख, दीपक गाजवा, सीएमओ सुधीरकुमारसिंह भी मंचासीन थे। इन सभी के द्वारा पात्र हितग्राहियों को हितलाभ पत्रकों का वितरण भी किया गया।

हुडको के डायरेक्टर श्री बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 10 वर्ष पूर्व शपथ लेते हुए कहा था कि हमारी सरकार गरीबों, वंचितों के लिये काम करेगी। अपनी मंशा के अनुरूप श्री मोदीजी की सरकार ने आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, किसानों के लिये काम किया है। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने कहा कि शासन की जितनी भी योजनायें है उनका लाभ हितग्राहियों का मिले इसके लिये नपा विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर लगा रही है। मंदसौर नगर के जो भी हितग्राही है उन्हें इससे लाभ होगा। भाजपा दक्षिण मण्डल मण्डल अध्यक्ष अजय आसेरी ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना चार धाम की यात्रा के समान पुण्य का काम है। नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला ने कहा कि जो भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित है उन्हंर ऐसे शिविरों में जरूर आना चाहिये और आवेदन करना चाहिये। कार्यक्रम में शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने भी मंच पर मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत योजनाओं का हितलाभ मिलने की बात कही।

## दलौदा महाविद्यालय में कालेज चलो अभियान का शुभारंभ

**दलौदा, 9 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय दलौदा में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार सत्र 2024-25 के आगामी सत्र में छात्र एवम छात्राओं के महाविद्यालय में अधिक से अधिक प्रवेश सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कॉलेज चलो अभियान का आगाज किया गया। अभियान के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में जाकर महाविद्यालय के प्रोफेसर्स छात्र एवम् छात्राओं को कक्षा बारहवीं उत्तीर्ण होने के बाद पढाई न छोड़ने तथा उच्च शिक्षा प्राप्त कर जीवन में सफलता के नए आयामों की ओर बढ़ने की प्रेरणा देंगे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य तोसिफ नागौरी के निर्देशन में विभिन्न दलों का गठन किया गया। इसके अंतर्गत पहले दिन सरसोद, निंबोद, करजू, भावगढ़ भालोट इत्यादि ग्रामों के विभिन्न विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश लेने की प्रेरणा के साथ साथ महाविद्यालय स्तर पर लागू की गई नई शिक्षा नीति की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। इसमें च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, विभिन्न संकायों में मेजर, माइनर, इलेक्टिव और ओपन इलेक्टिव विषयों की जानकारी के साथ प्रवेश को सुगम बनाने के लिए प्रवेश की प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से समझाया जायेगा।

## शिवना के घाटों की प्रतिदिन सफाई के लिये 2 सफाई कर्मियों व कचरा डालने वालों को रोकने के लिये एक गार्ड को नियुक्त किया जावे

**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गायत्री परिवार के श्रमदानियों द्वारा शिवना शुद्धिकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आम नागरिकों व अन्य संस्थाओं के सदस्यों द्वारा श्रमदान में सहभागिता प्रदान की गई है। विगत दो सप्ताह से यह अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पांच सप्ताह तक चलेगा। तीसरे सप्ताह के अंतर्गत दो घण्टे श्रमदान कर शिवना नदी से गंदगी निकाली गई।

श्रमदानी हर्ष शर्मा ने कहा कि इस अभियान में प्रशासन का योगदान होना चाहिये। आम जनता के साथ गायत्री परिवार ने 2009 से अभियान चला रखा हैं 15 वर्ष हो गये है लेकिन शिवना नदी में हर वर्ष गंदगी बढ़ती ही जा रही है। यहां घाटों की सफाई विशेष है। श्री पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने वाले स्नान भी करते है। लेकिन यहां का गंदा पानी देखकर स्नान नहीं कर पाते है। आपने कहा कि शिवना घाट पर एक गार्ड रखा जाना चाहिये तथा दो सफाई कर्मी की ड्यूटी भी लगाना चाहिये जो रोज सफाई करे। यहां स्वच्छता अभियान के होर्डिंग भी लगाया जाये ताकि गंदगी करने वाले उसे पढ़कर गंदगी न करे। रमेश सोनी ने कहा कि छोटी पुलिया के पास नगरपालिका डस्टबिन लगाये जिससे लोग गंदगी उसमें डाले। जिससे शिवना को साफ रखने में मदद मिलेगी। श्रमदानी हुसैन भाई ने बताया कि शिवना सभी समाजजनों की है। अकेला कुछ भी नहीं कर सकता है। श्रमदानी रमेश सोनी ने कहा कि शिवना नदी आमजन को पेयजल उपलब्ध कराती है आमजन को यहां गंदगी नहीं कर इसकी स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिये। श्री चौहान ने स्वच्छता के लिये श्रमदान करना मात्र औपचारिकता नहीं है बल्कि यह कर्तव्य है और इससे खुशियां मिलती है। हर व्यक्ति कर्मठता से अपना कर्तव्य निर्वहन करे। उन्हें बराबर सम्मानित किया जावेगा। सफाई अभियान में सेवानिवृत्त कोषालय अधिकारी बी.एल., योगेशसिंह, नालछा माता ट्रस्टी हर्ष शर्मा, रमेश सोनी, हुसैन भाई ने श्रमदान किया। श्रमदान में नगरपालिका के कर्मचारी कैलाश डगले, अजय बुगले, घनश्याम घारू, राजू ड्राइवर, राजू रामलाल ने भी सहयोग प्रदान किया।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों के कल्याण का संकल्प पूरा हो रहा-सांसद

**नीमच, 9 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों के कल्याण का संकल्प पूरा हो रहा है।



इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। यह बात सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने मंगलवार को नीमच विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सावन में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को मुख्यव अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वारा प्रधानमंत्री श्री मोदी सरकार की गारंटी का वाहन आया है। यह गारंटी एक-एक व्यक्ति तक पहुंच रही है, जिससे व्यापक परिवर्तन देखने में आ रहा है। अब बच्चों की ग्रोथ अच्छी हो रही है, देश के आम आदमी की औसत आयु में वृद्धि हो रही है, देश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। इस मौके पर श्री अर्जुन सिह सिसोदिया, यात्रा प्रभारी श्री सुनील कटारिया, श्री हेमंत हरित, श्री आदित्य मालू, श्री प्यारसिह चुण्डावत, तथा अन्या जनप्रतिनिधि, सरपंच श्री जीवन माली, एसडीएम डॉ.ममता खेडे, तहसीलदार श्री प्रेमशंकर पटेल, जनपद सीईओ श्री राजेन्द्र पालनपुरे व अन्यए अधिकारी उपस्थित थे। सांसद श्री गुप्ता ने एक-एक कर उपस्थितजनों से संवाद करते हुए कहा, कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित रहे, हितग्राहियों को यात्रा के दौरान लाभांवित किया जा रहा है। सांसद श्री गुप्ता ने क्वीज प्रतियोगिता में उपस्थितजनों से प्रश्न भी पूंछे और उनका सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए।



## आर्युवेदिक रोग निदान शिविर सम्पन्न

**लूनाहेड़ा, 9 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** ज़िला आयुष अधिकारी के निर्देश पर शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सा लूनाहेडा डॉ ललीता पाटीदार ने सर्वरोग निदान शिविर सुठोद गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित किया गया। इस दौरान म.प्र.शासन के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता की उपस्थित में डॉ प्रतिभा भाबोर, डॉ ललीता पाटीदार, डॉ नेहा मेहरा, डॉ मोहित वाधवा द्वारा हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उज्वला जोशी, मंजु पिछोलिया, मदनलाल सोलंकी, यशोदा सिंदम, योगा प्रशिक्षक परशराम धनगर ने 142 रोगियों को नि:शुल्क आर्युवेद ओषधि का वितरण किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 82 | 2200 | 2270 |
| उड़द | 16 | 4700 | 10800 |
| सोयाबीन | 3937 | 3720 | 4820 |
| गैहु | 1661 | 2601 | 3301 |
| चना | 80 | 4320 | 5051 |
| मसुर | 127 | 4401 | 5954 |
| धनिया | 168 | 588500 | 7151 |
| लहसुन | 7000 | 19000 | 25600 |
| मैथी | 315 | 5200 | 6500 |
| अलसी | 1141 | 4621 | 5201 |
| सरसो | 280 | 3500 | 5100 |
| तारामीरा | 4 | 5421 | 4632 |
| इसबगोल | 16 | 8500 | 15253 |
| प्याज | 9000 | 295 | 1711 |
| कलोंजी | 40 | 13000 | 16935 |
| डॉलर | 5 | 8500 | 14300 |
| तिल्ली | 10 | 14421 | 15831 |
| मटरसुखी | 4 | 2301 | 2301 |
| असालीया | 38 | 7001 | 8182 |



### श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव...

# अयोध्या में आस्था व लंबे संघर्षों का सुखद परिणाम

**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राम जन्मभूमि का रक्त रंजित इतिहास 1528 ईस्वी में बाबर के सेनापति मिरबांकी द्वारा अयोध्या पति श्री राम जन्म भूमि पर स्थित श्री विष्णु हरि के मंदिर को गिराकर उस स्थान पर मस्जिद का ढांचा खड़े किए जाने के बाद से अयोध्या का इतिहास श्री राम जन्मभूमि के लिए किए गए संघर्षो का इतिहास है बाबर के सेनापति मीरबांकी के द्वारा भगवान श्री राम के जन्म भूमि पर स्थित मंदिर को तोड़े जाते समय भाटी नरेश मेहताब सिंह हंसवार, नरेश रणविजय सिंह हंसवार के राजगुरु पंडित देवी दिन पांडे ने जबरदस्त मुकाबला किया और अमीर बाकी की सेना से उनका 15 दिनों तक घमासान युद्ध चला पंडित देवी दिन पांडे ने भयंकर युद्ध करते हुए मारकाट मचाते हुए बाबर के सैकड़ो सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया पंडित देवी दिन पांडे के विषय में तुजुक बाबरी में लिखा है कि अकेले देवीदिन पाडें ने 700 से अधिक बाबर के सैनिकों को मार दिया बाद में सर कट जाने के बाद भी वह पट्टी बांधकर लड़ते रहे और अंत में वह अमीर बाकी की गोली से वीरगति को प्राप्त हुए इस तरह से मंदिर पर मीर बाकी का कब्जा हो गया और उसे ध्वस्त कर दिया गया उसके अधिकांश मंदिर के अवशेष से ही रामजन्म भुमि के स्थान पर मस्जिद बनाई गई अंग्रेज इतिहासकार कनिंघम लखनऊगजेटियर में लिखते हैं कि 174000 हिंदुओं की लाशें से गिर जाने के बाद ही बाबर का सेनापति मीरबांकी तोपों से मंदिर को गिराने में सफल रहा 1528 से 1530 तक बाबर के काल में ही भगवान श्री राम के मंदिर को पाने के लिए हिन्दुओं ने चार बड़े युद्ध लडे 1530 से 1556 ई हुमायूं काल हुमायूं के शासन में 10 बार राम जन्मभूमि को प्राप्त करने के लिए भयंकर युद्ध हुए रानी जयराज कुमारी ने स्त्री सेना लेकर तथा स्वामी महेश्वरानंद जी ने साधु सेना लेकर छापामार शैली में बराबर युद्ध करते रहे और अंत में गुरु महेश्वरानंद के साथ वह सभी युद्ध में बलिदान हो गये 1556 से 1605 ई अकबर का काल अकबर के काल में 20 बड़े युद्ध हुए स्वामी बलरामाचार्य जी लगातार राम जन्म भूमि को प्राप्त करने के लिए लड़ते रहे और अंत में वीरगति को प्राप्त हुए रियाया और ना भड़के और माहौल को शांत करने की सोच कर अकबर ने बीरबल और टोडरमल की राय मानकर मस्जिद के सामने एक चबूतरे पर भगवान राम का मंदिर बनाने की इजाजत दे दी और यह भी आदेश दिया कि कोई भी व्यक्ति पूजा पाठ में रोक-टोक ना करें बाद में चबूतरे पर एक संगमरमर का मंदिर निर्मित किया जिसमें भगवान की पूजन अर्चन भगवान श्री राम के भक्त करते रहे। 1658 से 1704 ई औरंगजेब काल अत्याचारी औरंगजेब के काल में 30 बार युद्ध हुए बाबा वैष्णो दास गोपाल सिंह ठाकुर जगदंबा सिंह आदि ने डटकर युद्ध लड़ा और वीरगति को प्राप्त हुए सिखों के गुरु गोविंद सिंह जी अयोध्या पधारे गुरु गोविंद सिंह का औरंगजेब की सेना से मुकाबला गुरु गोविंद सिंह जी अयोध्या पधारे और गुरु गोविंद सिंह जी बाबा वैष्णो दास के साथ मिलकर उन्होंने औरंगजेब की सेना पर आक्रमण किया और जन्मभूमि को प्राप्त करने के लिए पूरा प्रयास किया 1664 ई के आसपास जाकर औरंगजेब ने पुरी तरह अयोध्या पर विजय प्राप्त की इससे पूर्व के सभी युद्धों में हिंदू विजय रहे इस हार के कारण मंदिर पूरी तरह से मुगलों के हाथ में चला गया औरंगजेब ने राम मंदिर को खुदवा कर वहां पर एक बहुत बड़ा कुंड बना दिया 1773 से 1836 ई शहादत अली काल अवध के नवाब शहादत अली के समय मंदिर का स्थान (हस्तगत करने) प्राप्त करने के लिए हिंदुओं ने पांच बार आक्रमण किये अमेठी के राजा गुरु दत्त सिंह तथा पिपरा के राजकुमार सिंह ने युद्ध लड़े बार-बार के आक्रमणों से परेशान होकर नवाब ने अकबर की तरह हिंदुओं और मुसलमान को साथ-साथ पूजन तथा नमाज की अनुमति दी 1847 से 1856 ई नवाब वाजिद अली शाह का काल वहां मस्जिद नहीं थी नवाब वाजिद अली शाह कला में अयोध्या में मंदिर स्थल पर अधिकार पाने के लिए चार बार युद्ध हुए बाबा उद्धव दास और भाटी नरेश ने युद्ध लड़कर नवाब वाजिद अली शाह को इस लंबे विवाद और युद्ध की परंपरा को समाप्त करने के उद्देश्य से निष्पक्ष निर्णय के लिए एक तीन सदस्य जांच समिति गठित की उसे समिति में एक हिंदू सदस्य एक मुसलमान तथा तीसरा निष्पक्ष सदस्य के रूप में ईस्ट इंडिया कंपनी का प्रतिनिधि रखा खोजबीन के बाद समिति का निष्कर्ष था कि मीर बाकी ने मंदिर को तोड़कर मस्जिद जैसे भवन को बनाया है क्योंकि इस पर लिखा है कि यह भगवान के अवतरण का स्थल है इसमें भगवान के भवन का मालवा मंदिर का मलवा उपयोग किया गया है। 1856 ईस्वी में अंग्रेजों का अवध पर कब्जा 1856 ई में अंग्रेजों ने अवध पर अधिकार कर लिया अंग्रेजों ने बाबरी मस्जिद के चारों ओर रेलिंग लगा दी और हिंदू उपासकों को वहां से अलग कर दिया हटा दिया इस कारण हिंदुओं के पास अपनी पूजा अर्चना बाहर परिसर में करने के अतिरिक्त कोई और चारा नहीं था तभी से पूजा बाहर होने लगी हजारों प्रयासों के बाद भी पूजा अर्चना बंद नहीं हुई इससे दोनों समुदाय के मध्य कटुता बढ़े और समय-समय पर दंगे होने लगे 1857 ई स्वतंत्रता संग्राम असफल निर्णायक मोड़ 1857 ई का स्वतंत्रता संग्राम जहां एक और भारतीय दृष्टिकोण में जन चेतना लाने के लिए महत्वपूर्ण है वही यह रामजन्म भूमि संघर्ष के इतिहास का महत्वपूर्ण स्थान रखता है इस समय यह विवाद पूर्ण रूप से समाप्त होने को था पर अंग्रेजों की कूटनीति ने इसे फिर से उलझा दिया। बहादुर शाह जफर और अमीर अली द्वारा राम जन्म स्थान हिंदुओं को देने का निर्णय जब 1857 के संग्राम में संपूर्ण प्रजा के द्वारा बहादुर शाह जफर के नेतृत्व मे भारत का सम्राट घोषित किया गया अयोध्या के राजा देवी बक्श सिंह गोंडा नरेश तथा विद्रोही नेता महंत रामचरण दास ने सम्राट जफर के समर्थन में अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोही बागडोर संभाली थी तो विद्रोही मुसलमान नेता अमीर अली ने भी हिंदुओं के साथ अंग्रेजी सरकार के खिलाफ झंडा बुलंद कर दिया था उस समय के नेता अमीर अली ने अपने समर्थक मुसलमान से कहा बिरादराने वतन मुल्क की आजादी को कायम रखने बेगमों के जेवरात बचाने और हमारी जान और माल को बचाने में हमारे हिंदू भाइयों ने अंग्रेजों से लड़कर जिस कदर बहादुरी दिखाई उसे हम भूल नहीं सकते इसलिए फर्ज इलाही हमें मजबूर करता है कि हमें हिंदुओं के खुदा रामचंद्र जी की पैदाइश जगह पर जो बाबरी मस्जिद बनी है वह हम हिंदुओं को बखुशी सुपुर्द कर दें क्योंकि हिंदू मुस्लिम नाइत्तफाकी की सबसे बड़ी जड़ यही है और ऐसा करके हम हिंदुओं के दिल पर फतेह पा सकेंगे इस प्रकार एक फरमान बादशाह जफर ने भी जारी किया था। इस तरह राम जन्मभूमि हिंदुओं को खुशी खुशी वापस करने का फैसला हो गया परंतु अंग्रेजो के विरुद्ध संग्राम से परेशान अंग्रेजों के इस बात से और खलबली मच गई और संग्राम की विफलता के बाद इस सत्य को सुल्तानपुर गजेटियर के पृष्ठ 36 पर कर्नल मार्टिन ने कबुलते हुए लिखा कि अयोध्या की बाबरी मस्जिद हिंदुओं को मुसलमान द्वारा वापस देने की खबर से हमें अंग्रेजों में घबराहट फैल गई और यह लगने लगा कि हिंदुस्तान से अंग्रेज खत्म हो जाएंगे आमिर अली और रामचरण को फांसी निर्णय का अनुपालन रह गया परिणाम स्वरूप जैसे की 1857 की क्रांति असफल हुई अंग्रेजों ने हिंदू मुस्लिम एकता के प्रति तथा मंदिर मस्जिद विवाद को समाप्त करने के हिमायती आमिर अली तथा बाबा रामचरण दास को 18 मार्च 1858 को कुबेरटिला के इमली के पेड़ से लटका कर हजारों हिंदू और मुसलमान के सामने कड़ी सुरक्षा के बीच फांसी दे दी इस संदर्भ में मार्टिन लिखता है कि इसके बाद फैजाबाद के बलवाईयों की कमर टूट गई और तमाम फैजाबाद जिले में हमारा रोब स्थापित हो गया इस प्रकार विवाद का अंत होते होते रह गया और जन्म स्थान हिंदुओं को सौंपने का निर्णय इतिहास के प्रश्नों में खो गया। 1934 ई हिंदुओं का अधिकार साधु समाज और हिंदू ओं ने मिलकर आक्रमण किया और जन्म भूमि को अपने अधिकार में ले लिया परंतु अंग्रेजों की चालाकी और छल नीति के कारण यह अधिकार ओर अधिक समय तक बना नहीं रह सका 1528 ईस्वी में श्रीराम जन्मभूमि पर बाबर के काल में तथा कथित बाबरी मस्जिद के निर्माण के बाद से 1934 ई तक पुन: अधिकार प्राप्त करने के लिए 76 बार युद्ध लड़े इन युद्ध में लगभग 3 लाख 50 हजार हिंदुओं ने अपने प्राणों को न्योछावर किया23 दिसंबर 1949 से वहां अयोध्या में भगवान रामलाल की विधिवत पूजा अर्चना हो रही है यह बाबरी मस्जिद का विवाद आजादी के बाद ही समाप्त हो जाना था परंतु उस समय की सरकारों ने मुस्लिम तुष्टीकरण के कारण इस मुद्दे को लटकाए रखा और न्यायालय में यह महत्वपूर्ण राम जन्मभूमि का विषय उलझा रहा बहुत समय बाद इस महत्वपूर्ण विषय को संज्ञान में लेकर सरकार ने ताले खुलवाए 1990 में राम भक्तों ने संघर्ष किया 1990 में लाखों की संख्या में कारसेवक पूरे देश से अयोध्या गये उस समय की मुलायम सिंह सरकार ने राम भक्तों पर दमन चक्र चला दिया लाखों कारसेवकों को जिलों में बंद कर दिया जो कारसेवक अयोध्या जाने में सफल हुए उनको गोलियों से भून दिया गोलियां चला दी और सैकड़ों राम भक्त बलिदान हो गए 1992 राम भक्तों ने निर्णायक लड़ाई लड़ी और विजय प्राप्त की और बाबरी ढांचे को ढहा दिया उसके बाद कानूनी लड़ाई चलती रही और साक्ष्य के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने राम भक्तों के पक्ष में अपना महत्वपूर्ण निर्णय दिया और आज हम सब अपने प्रभु श्री राम के मंदिर को भव्य रूप में दर्शन कर रहे हैं 22 जनवरी 2024 विक्रम संवत 2080 शक संवत 1945 शुभ मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक रहेगा। ये मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त के अंतर्गत है। हिंदू धर्म में शुभ काम के लिए अभिजीत मुहूर्त सबसे उत्तम माना जाता है।



**रविंद्र कुमार पाण्डेय**
**बली दानी जत्थे का कारसेवक मंदसौर**

## 500 वर्षों में यह प्रथम अवसर होगा जब एक साल में 2 दीपावली-ज्योत्सना पर्व मनाने का परम सौभाग्य हमें प्राप्त होगा-रामदयालजी महाराज

# 22 जनवरी को गीता भवन में होगा राम मंदिर भूमि पूजन

**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सएप्रेस।** स्थानीय धर्मधाम गीता भवन में आयोजित 51वां गीता जयंती महोत्सव और 48 वें नि:शुल्क नेत्रदान शिविर में व्यास पीठासीन अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही शाहपुरा पीठाधीश्वर जगदुरू आचार्य रामदयालजी महाराज ने 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलला के मंगलमय प्रतिष्ठापना महोत्सव दिवस को सम्पूर्ण राष्ट्र का महान गौरवमय दिवस बताते हुए कहा कि यह वह महान गौरवशाली दिवस होगा जब देश में 1 वर्ष में 2 दीपावली ज्योत्सना महापर्व मनाया जावेगा। एक ज्योत्सना पर्व हम कार्तिक कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मना चुके है और दूसरा 22 जनवरी को भगवान रामलला के अयोध्या पदार्पण प्रतिष्ठापना के अवसर पर आयोजित होगा। यह उसी रूप में मनाया जावेगा जिस प्रकार त्रेता में भगवान राम के रावण विजय के 14 वर्षों पश्चात अयोध्या लौटने पर राज्य सिंहासन पर विराजित होने पर जिस प्रकार सम्पूर्ण अयोध्या नगरी दीपोत्सव



रंगोली अपार उत्साह उमंग उल्लास के साथ मनाई गई थी।

पूज्य आचार्य श्री ने सम्पूर्ण राष्ट्र से आव्हान किया है कि 22 जनवरी को प्रत्येक घर दीप ज्योति- विविध रंगीन लाइटिंग (विद्युत छटा) से जगमगा जाना चाहिये। घरों के सामने आंगन सुंदर रंगोलियों, सुंदर पताकाओं से सजाया जाना चाहिये। नये-नये सुंदर वस्त्राभूषण धारण करे। इस महान पर्व को प्रत्येक भारतवासी जो जहां किसी नगर गांव का रहने वाला हो अपने को अयोध्यावासी ही समझकर रामलला पदार्पण पर्व को जितना अधिक से अधिक धूमधाम उत्साह उल्लास के साथ मना सके, मनाया जाना चाहिये। मंदिर के शिखर की चमक स्वर्ण कलश से नहीं उस नींव के पत्थर से है जिस पर मंदिर प्रतिष्ठित है। भगवान राम के भव्य मंदिर निर्माण में 500 वर्षों से हजारों राम भक्तों की शहादत ने आज हमें इस महान ऐतिहासिक गौरव दिवस मनाने और भगवान रामलला के दर्शन करने का परम सौभाग्य जीते जी इसी जनम में हो रहा है। आचार्य श्री ने केन्द्र सरकार से 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का सुझाव दिया। आचार्य श्री ने कहा 22 जनवरी को दुनिया देखेगी वास्तव में राम क्या है ? राम की ताकत क्या है ? राम मंदिर के माध्यम से संसार देखेगा लाखों वर्ष बाद भी राम की भारत ही नहीं विदेशों में भी क्यों पूजा होती है। पूज्य आचार्य के करकमलों से 22 जनवरी को गीता भवन में भगवान राम के मंदिर निर्माण का भूमिपूजन होगा। मंदिर को लूट सकते है, सनानत संस्कृति को कोई लूट नहीं सकता- महम्मद गजनबी ने 16 बार सोमनाथ मंदिर को लूटा परन्तु हमारी सनातन संस्कृति को नहीं लूट सका और इसलिये सोमनाथ मंदिर आज भी आकाश में अपना सर उंच्चा किये खड़ा है।

# नेशनल रेफरी सेमिनार में 15 खिलाड़ियों ने हासिल की रेफरी की उपाधि

### खेल में निर्णय देते समय रेफरियों का न कोई सगा होता है न कोई संबंधी होता है-पुरोहित

**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सएप्रेस।** 6 जनवरी को रेवास देवडा रोड मंदसौर स्थित कौशल्या रिसोर्ट में जिला स्पोर्टस कराते एसोसिएषन मंदसौर के सहयोग एवं अंतर्राश्ट्रीय क्यूकुशिंकाई कराते एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में नेशनल रेफरी सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें भारत के 15 खिलाड़ियों ने नेशनल रेफरी की उपाधि हासिल की। सभी अतिथियों ने नेषनल रेफरी सेमिनार में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को नेशनल रेफरी प्रमाण पत्र उपाधि एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर शुभकामनाएं दी।

सेमिनार के मुख्य अतिथि दशपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार नेमीचंद राठौर, अध्यक्षता जी टीवी और एबीपी न्यूज के वरिष्ठ पत्रकार मनीश पुरोहित, विशेष अतिथि टाइम्स ऑफ मंदसौर के संपादक धर्मेन्द्रसिंह रानेरा एवं दशपुर दिशा समाचार पत्र के संपादक योगेश पोरवाल थे। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत एसोसिएशन के



व्यवस्था प्रभारी विजय कोठारी, गगन कुरील, सैयद आफताब आलम, असलम खान, सुनील हीवे, अशोक गहलोत, कमलेश डोसी आदि द्वारा किया गया। इस अवसर पर दशपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष नेमीचंद राठौर ने कहा कि खिलाडियों से ज्यादा रेफरियों का काम मुश्किल होता है। रेफरी पर सबकी नजर रहती है। रेफरी के एक गलत निर्णय से पूरे खेल का पासा पलट भी सकता है। रेफरी एक मैच के दौरान खेल के नियमों की व्याख्या और लागू करने के लिए जिम्मेदार होता है। वरिष्ठ पत्रकार मनीष पुरोहित ने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। रेफरी के कारण ही ताइक्वांडो जैसे कठिन खेल निष्पक्ष रूप से खेले जा रहे है। एक अच्छे रेफरी को खेल की सारी बारीकियों की पूर्ण जानकारी होना चाहिए। हार-जीत का निर्णय देते समय रेफरी यह कभी नहीं देखता कि सामने वाला कोई उसका सगा संबंधी है। उन्हें खिलाडियों के प्रदर्शन पडता है। यही कारण है कि किसी भी खेल में रेफरियों और अम्पायरों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पत्रकार धर्मेन्द्रसिंह रानेरा और योगेश पोरवाल ने भी सेमिनार को संबोधित किया। स्वागत उदबोधन व्यवस्था प्रभारी विजय कोठारी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन गगन कुरील ने किया तथा आभार सैयद आफताब आलम ने माना।

# राज्य सूचना आयोग ने आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारी प्रमोद गौतम की जानकारी आरटीआई में देने का दिया आदेश

### अपर कलेक्टर के आदेश के विरूद्ध अपील में गया था प्रमोद गौतम, आयोग ने नियुक्ति की जानकारी सार्वजनिक करने के दिए आदेश

**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सएप्रेस।** जनजातीय कार्य विभाग (आदिम जाति कल्याण विभाग) मंदसौर में सन 2003 से अनुकम्पा नियुक्ति पर पदस्थ हुए कर्मचारी प्रमोद गौतम के नियुक्ति आदेश सहित अन्य जानकारी देने का आदेश राज्य सूचना आयोग ने पारित किया है।

आपको बता दें आदिवासी विकास कार्यालय सतना में पदस्थ रहे स्व. रमेशचंद्र गौतम की मृत्यु उपरांत प्रमोद गौतम को शासनादेश पर वर्ष 2003 मंदसौर के आदिम जाति कल्याण विभाग में ग्रेड 3 के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति मिली थी। अनुकम्पा नियुक्ति के बाद से प्रमोद गौतम मन्दसौर में पदस्थ होकर वर्षों से एक ही शाखा कर प्रभारी बने हुए है। लम्बे समय से एक ही विभाग में पदस्थ रहने के कारण गौतम की जड़े इतनी मजबूत हो चुकी है कि विभाग में इतने अधिकारी बदल चुके है लेकिन उसके बावजूद आजतक उसकी शाखा भी कोई बदल नही पाया है। ऊपर से नीचे तक अपनी पहुँच का दम्भ भरने वाले प्रमोद गौतम को लेकर अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर मंदसौर ने जो आदेश दिए थे उस पर भी तत्कालीन लोक सूचना अधिकारी रहे अधिकारी जानकारी देने से कतराते रहे। उसके बाद जब सूचना आयोग में अपील हुई तो प्रमोद गौतम ने प्रथम अपील के विरूद्ध अपील करके जानकारी रोकने का प्रयास किया।

सूचना का अधिकार अधिनियम पारदर्शिता के लिए लागू किया गया है। ऐसे में अगर कोई जानकारी सार्वजनिक होती है तो अधिकारी कर्मचारी को तब तक कोई आपत्ति नही होनी चाहिए जब तक कि वो सच हो। ऐसा अक्सर होता भी है कि जिस जानकारी में कोई कमी या गलती या फर्जीवाडे की आशंका नही होती है वो सहजता से विभागों द्वारा उपलब्ध करवा दी जाती है लेकिन जिसमे फर्जीवाडे की आशंका रहती है उसको उपलब्ध करवाने में शासकीय कर्मचारी कतराते है। मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त श्री राहुल सिंह की बेंच ने एक अपील के आदेश में स्पष्ट किया था कर्मचारी का नियुक्ति आदेश, पदस्थापना सम्बधित जानकारी, वेतन और उपस्थिति पंजी सार्वजनिक दस्तावेज की श्रेणी में आते इन्हें सार्वजनिक करने में किसी लोकसेवक को कोई आपत्ति नही होनी चाहिए। लेकिन प्रमोद गौतम से सम्बंधित जानकारियां आयोग के आदेश के बावजूद उपलब्ध करवाने में लोक सूचना अधिकारी रेखा पांचाल देने से कतरा रही है। इसके पीछे क्या कारण है ये तो जानकारी छिपाने वाले ही जाने लेकिन इस सम्बंध में आयोग ने दिनांक 05/12/2023 को एक आदेश जारी कर प्रमोद गौतम की नियुक्ति सम्बंधित जानकारी आवेदक नरेन्द्र धनोतिया को उपलब्ध करवाने का आदेश दिया जा चुका है।



### सुयश रामायण मण्डल के द्वारा पं.नागर के मुखारबिन्द से आयोजित...

# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सएप्रेस।** पं. मनोहरजी नागर के मुखारविन्द से संजय गांधी उद्यान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सोमवार को समापन हुआ। सुयश रामायण मण्डल द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर भी बड़ी संख्या में धर्मालुजनों ने पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लिया। कथा समापन अवसर पर सात दिवस तक भागवत कथा के माध्यम से ज्ञान गंगा प्रवाहित करने वाले पं. श्री मनोहरजी नागर उज्ञैन का सम्मान किया। कथा समापन के अवसर पर कथा की पूर्णाहुति पर हवन का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर भागवत कथा के मुख्य यजमान श्री पुष्पेन्द्र भावसार व श्रीमती संगीता भावसार ने हवन में बैठकर आहूति प्रदान की। भावसार परिवार ने भी सुयश रामायण मण्डल के साथ संतश्री का सम्मान भी किया। श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस सोमवार को पं. श्री मनोहरजी नागर उज्ञैन ने श्रीकृष्ण सुदामा मित्रता श्री कृष्ण के पूरे परिवार एवं राजा परीक्षित मोक्ष की कथा श्रवण कराई। आपने धर्मसभा में कहा कि राजा परीक्षित ने सुखदेव के मुखारविंद से जब तक उन्होंने श्रीमद् भागवत ने नहीं सुनी थी तब तक वे अपनी मृत्यु के भय से भयभीत थे लेकिन सात दिवस तक पूरे मनोभाव से भगवान विष्णु के सभी अवतारों व श्रीकृष्णजी की लीलाएं सुनकर वे अपनी मृत्यु के भय से भयमुक्त हो गये। श्रीमद् भागवत मनुष्य को भय से मुक्त करती है। मनुष्य जो कि सांसारिक मोह बंधनों से बंधा है। वह यदि श्रीमद् भागवत को मनोभाव से सुनता है तो उसको सभी मोह बंधनों से मुक्ति मिलती है तथा वह भगवान हरि के चरणों में स्थान पा लेता है। श्रीमद् भागवत के सभी अक्षर जीवन में नई प्रेरणा देते है।

# मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे राम आएंगे राम आएंगे

### श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा अभियान के अंतर्गत श्री कृषिपति बालाजी मंदिर से निकली प्रभात फेरी

**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सएप्रेस।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा अभियान के अंतर्गत नगर में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रभात फेरिया का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत आज श्री कृषिपति बालाजी मंदिर अफीम गोदाम रोड से एक-एक प्रभात फेरी निकाली गई जो पोस्ट ऑफिस पुलिस कॉलोनी, प्रताप कॉलोनी, कुमार कॉलोनी, माथुर कॉलोनी, दशरथ नगर, माल गोदाम होते हुए पाटील कॉलोनी में सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश पालीवाल के निवास पर संपन्न हुई जहां पर पालीवाल परिवार द्वारा प्रभात फेरी का स्वागत सत्कार की व्यवस्था की गई।

मेरी झोपडी के भाग खुल जाएंगे राम आएंगे राम आएंगे ऐसे कई लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति प्रहलाद दमानी एवं प्रदीप भाटी द्वारा प्रभात फेरी के अवसर पर प्रस्तुत किये। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप भाटी ने बताया कि प्रतिदिन निकलने वाली प्रभात फेरी में किशोर बैंड के संस्थापक श्री प्रहलाद दमानी एवं उनके साथी कलाकार मनोज पंवार, रमेश दमानी, सुरेश दमानी, मनोहर दमानी, परिवार द्वारा प्रतिदिन प्रभात फेरी में निशुल्क सेवा देने का जो संकल्प लिया है वह अनुकरणीय प्रशंसनीय एवं अभिनंदन है। इस अवसर पर प्रहलाद दमानी ने बताया कि किसी भी कार्यक्रम में में सीधा गाना प्रारंभ करने की बजाय वह अपना वाद्य यंत्र बिना भगवान की स्तुति के नहीं बजते हैं उनका मानना है कि संगीत के सहारे भी प्रभु को पाया जा सकता है प्रकाश जी पालीवाल एवं प्रदीप भाटी द्वारा आपका सम्मान किया गया। प्रभात फेरी के प्रारंभ में कृषि पति बालाजी मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जय श्री राम के जयकारे के साथ एवं रामधुन गाते हुए हैं प्रभात फेरी प्रारंभ की गई प्रभात फेरी में गोपाल परवानी, सुनील पोरवाल, दिलीप चौधरी, दीपक कोठारी, श्याम पांचाल, रूप नारायण मोदी, लोकेंद्र राठौर, अंबालाल माली, मनोहर लक्षकार, राजेंद्र मुदड़ा, दिलीप नागदा, राकेश पुरोहित, नीरज सेन सहित बडी संख्या में गणमान्य ज न उपस्थित थे।

### जापान के सुकुबा शहर में आयोजित कांफ्रेंस में...

# महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. उषा अग्रवाल सम्मानित

**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सएप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय के इतिहास एवं पर्यटन विभाग की प्राध्यापक डॉ. उषा अग्रवाल ने जापान के सुकुबा शहर में



आयोजित कांफ्रेंस में भाग लिया। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 02 से 04 जनवरी, 2024 को जापान के सुकुबा शहर में World Buddhist Mission, Japan ,oa Center for South East Asian Studies, Bodhagaya, India द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. उषा अग्रवाल को सम्मानित किया गया। डॉ. उषा अग्रवाल ने धर्मराजेश्वर की गुफाओं के महत्व एवं पर्यटन की दृष्टि से उपयोगिता एवं सुझाव को प्रस्तुत किया। आपने अपने उद्बोधन में बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा मानव कृत एवं प्रकृतिकृत 1500 से ज्यादा गुफाओं को पहचाना गया है। दक्षिण पूर्व एशिया में सिल्क मार्ग पर अनेक गुफाएं प्राप्त हुई हैं। इसी क्रम में धर्मराजेश्वर की गुफाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। ये गुफाएं, बौद्ध भिक्षुओं के रहने का स्थान होती थी, जो एकांत में बनी होकर ध्यान हेतु अनुकूल वातावरण प्रदान करती थी। इन गुफाओं में बुद्ध की प्रतिमा, चिन्ह, स्तूप एवं निवास कक्ष मिलते हैं। डॉ. उषा अग्रवाल ने बताया कि बौद्ध स्थल पूरे एशिया में महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल के रूप में पहचाने जाते हैं। ऐसे में धर्मराजेश्वर की गुफाएं को क्षेत्र की लोक संस्कृति से जोड़कर विकसित किया जाए, तो यह महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल बन सकते हैं।

# हिमाचल प्रदेश की जमीन पर तिरंगा लहराकर लौटे स्वयंसेवक अर्पित परमार



**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सएप्रेस।** राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि दिनांक 19 से 28 दिसंबर 2023 तक नारकंडा, हिमाचल प्रदेश में भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय नई दिल्ली द्वारा रा.से.यो. साहसिक शिविर (एडवेंचर कैंप) का आयोजन किया गया। जिसमें विक्रम विश्वविद्यालय उज्ञैन परिक्षेत्र के राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर (म.प्र.) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक अर्पित परमार ने मध्य प्रदेश एवं महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी श्री दशरथ सिंह झाला एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा, जिला संगठक एनएसएस डॉ.के.आर. सूर्यवंशी एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनिल कुमार आर्य ने शिविर से लौटने पर अर्पित परमार का पुष्पमाला एवं शील्ड प्रदान कर स्वागत किया। अर्पित ने शिविर के अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि हिमाचल में नारकंडा के ठंडे पहाड़ों में 10 दिवसीय एन.एस.एस. युवा नेतृत्व के अंतर्गत नारकंडा की 12,000 फीट सबसे उंची शिखर हाटू पीक पर चढ़ाई की ओर हाटू माता के दर्शन किए, रॉक क्लाइंबिंग, माउंटेन वॉकिंग एंड नॉटस (एलडीपी) पर व्याख्यान तथा अभ्यास , वनस्पति और जीव-जंतु पर व्याख्यान , सारा/डेरथू तक ट्रेक , गाँठ अभ्यास, पहाड़ी खतरों पर रैपलिंग , तन्नु जुब्बर झील तक ट्रेक , हिमालय पर व्याख्यान , सांस्कृतिक कार्यक्रम , टायरोलियन ट्रैवर्स/वैली क्रॉसिंग , प्राथमिक चिकित्सा , रात्रि जंगल ट्रेक , कैंप फायर आदि गतिविधियों में सफल प्रशिक्षण लिया।

# घाणावार तेली समाज का सामूहिक विवाह 21 अप्रेल को, कार्य कारिणी गठित

**पिपलियामंडी, 9 जनवरी गुरु एक्सएप्रेस।** घाणावार तेली समाज धर्मशाला प्रबंध समिति भादवामाता की बैठक अध्यक्ष प्रकाश राठौर की अध्यक्षमता में सम्पन्न हुई। बैठक में आय-व्यय का ब्यौरा एवं धर्मशाला के लिए क्रय की गई 15 आरी जमीन का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर 21 अप्रेल 2024 को होने वाले 18 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की कार्यकारिणी का भी गठन हुआ। जिसमें अध्यक्ष सत्यनारायण पडियार पालसोडा, सचिव प्रकाश दशोरा बड़कुआ, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण गुणेरिया नलखेड़ा, सह सचिव राजेश हुवासिया डीकेन, उपाध्यक्ष निलेश राठौर मुन्देडी, ललित सरतलिया कनघट्टी, सदस्य जगदीश कानूडा सरवानिया महाराज, श्याम कुराडिया, रामप्रसाद डीकेन, शिवलाल हाडा मनासा, मदनलाल पंचोली मोरवन, मुकेश अस्तोलिया बावल, महेश चौरडिया सावन, मीडिया प्रमुख निर्मल राठौर जगगाखेडी, दीपक राठौर गुंदारिया पालसोडा को लिया। आभार मोडीराम पंडियार पालसोडा ने माना।

# जनसुनवाई में 53 आवेदन आए

**मंदसौर, 9 जनवरी गुरु एक्सएप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सुशासन भवन सभाकक्ष में ग्रामीण जनों की समस्याएं सुनी प्रति मंगलवार की तरह जिला कलेक्ट्रेट (सुशासन भवन) में साप्ताहिक जनुसनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई में जिले भर से आए 53 आवेदकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में आवेदकों ने अपनी समस्या/ शिकायत/ मांग/ आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन दिये। जनसुनवाई में दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी आवेदकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर उन पर समुचित कार्यवाही के लिये विभाग प्रमुखों की ओर प्रेषित किया। जनसुनवाई में बीपीएल सूची में नाम जुडवाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास मंजूर करने, निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, बीमारी सहायता, आपसी विवाद, शिक्षा ऋण दिलाने, सामुदायिक सुविधा घर (कम्युनिटी टायलेट) बनवाने आदि विषयों के आवेदन प्राप्त हुये। जिनके निवारण हेतु संबंधित विभागाधिकारियों को निर्देश दिये।

# पिता-पुत्र पर मारपीट का प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 9 जनवरी गुरु एक्सएप्रेस।** नाली के पानी को निकालने के विवाद में मारपीट के मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। सोकडी निवासी अम्बालाल बावरी ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि नाली का पानी निकालने के विवाद में पड़ोउसी मदनलाल पिता देवीलाल बावरी व उसके पुत्र राहुल ने गाली-गलौज की, मना किया तो लात-घुसों से पीटा, बीच-बचाव करने आई मेरी बेटी काजल के अंगूठे पर मदनलाल ने दांत से काट लिया जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने पिता-पुत्र पर मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने की धारा में केस दर्ज किया।

# भाई, भानेज पर मारपीट का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 9 जनवरी गुरु एक्सएप्रेस।** मारपीट के मामले में भाई, भानेज के खिलाफ केस दर्ज हुआ। पश्चिमी लोध निवासी मुकेश कुमावत ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई घरेलू विवाद में भाई दिनेश व भानेज धारियाखेड़ी निवासी मुकेश ने मिलकर गाली-गलौज की व लात-घुसों से पीटा, पुलिस ने दोनों पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।

# चायनिज डोर की बिक्री के विरूद्ध अभियान, सिंगोली एवं सरवानिया महाराज में चायनिज माझा जप्त

**नीमच, 9 जनवरी गुरु एक्सएप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन व्दारा धारा 144 के तहत जिले में चायनिज डोर (माझा) के विक्रय, भण्डारण एवं उपयोग पर जनहित को देखते हुए प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर के आदेशानुसार नगरीय निकायों और राजस्व विभाग की टीम व्दारा मंगलवार को दुकानों की जांच कर चायनीज माझा की जप्ती की कार्यवाही की गई। नगर परिषद सिंगोली एवं सरवानिया महाराज में राजस्व, पुलिस एवं नगरपालिका की टीम व्दारा विभिन्न दुकानों पर चायनीज माझा बिक्री एवं भण्डारण की जांच की गई और चायनीज माझा जप्त किया गया है। चायनीज माझा के विरूद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।


## कार्यालय कलेक्टर जिला मंदसौर एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन

### राजस्व विभाग

क्रमांक...../री-1/भू-अर्जन/2023

मंदसौर, दिनांक...../9/2023
प्र.क्र. 02/अ-82/2023-24

### सार्वजनिक सूचना

**(राज्य शासन के आदेश राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के दिनांक 12/11/2014 आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति म.प्र.राज्य पत्र भाग 1 पृष्ठ क्रमांक 3466/69 दिनांक 14/11/2014 के अंतर्गत कण्डिका-11 (1) के तहत सार्वजनिक सूचना)**

चूंकि म.प्र.शासन राजस्व विभाग कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति अधिसूचना दिनांक 12/11/2014 एवं म.प्र.राज्य पत्र भाग-1 पृष्ठक्र. 3466-69 दिनांक 14/11/2014 के अंतर्गत कण्डिका -11(1) के तहत राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं उपक्रमों कि सार्वजनिक प्रयोजन हेतु निर्माण की जाने वाली अधोसंरचनाओं के लिए समय-समय पर निजी भूमि की आवश्कता पडती है इस नीति के अर्तगत राज्य शासन के विभाग/उप क्रम कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग मंदसौर द्वारा आकोदड़ा से ताजखेडी मार्ग निर्माण के अंतर्गत आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति के तहत तैयार कर प्रस्ताव पेश किया गया। भूमिस्वामी के द्वारा आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति की कण्डिका -10 के अंतर्गत भूमि क्रय हेतु निर्धारित प्ररूप 'ख' में सहमति प्रस्तुत कर दी गई है।

क्रय नीति की आपसी सहमति से भूमि क्रय कण्डिका -11 (1) के अंतर्गत सर्व साधारण की सूचना के लिए यह सूचना जारी की जाती है कि भूमि क्रय नीति के अंतर्गत अर्जित की जा रही भूमि एवं विभाग के पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्य के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे अवकाश के दिनों को छोड कर कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियो को ना तो स्वीकार किया जावेगा और ना ही उन पर किसी प्रकार का विचार किया जायेगा।

**क्रय की जाने वाली भूमि का विवरण-**
**जिला** मंदसौर
**तहसील** दलौदा
**ग्राम** ताजखेड़ी
**क्षेत्रफल रकबा** 1.07 हे.

**अनुसूची (1)**

ग्राम कोलवा — तहसील मंदसौर

| स.क्र. | विवरण | अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा हे. | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सिंचित | असिंचित | कुल |
| 1 | ग्राम ताजखेड़ी | --- | 1.07 हे. | 1.07 हे. |

**अनुसूची (2)**

**मंदसौर जिले में आने वाली निजी भूमि का विवरण-**

| स.क्र. | प्रभावित कृषक का नाम | खसरा नम्बर | कुल भूमि का रकबा | प्रभावित भूमि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सिंचित | असिंचित हे. | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | भंवरकुंवर पिता रतनसिंह राजपूत निवासी ताजखेड़ी, तह. दलौदा | 151 | 1.07 हे. | ---- | 1.07 हे. | 1.07 हे. |
| | योग | | 1.07 हे. | ---- | 1.07 हे. | 1.07 हे. |

भूमि नक्शा व प्लान का अवलोकन भू-अर्जन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी उपखंड मंदसौर के न्यायालय में किया जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**(दिलीपकुमार यादव)**
**कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन**
**राजस्व विभाग मंदसौर म.प्र.**

G-22712/23 **पहला डोज रक्षा-दूसरा डोज सुरक्षा**



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# 'महिला सशक्तिकरण'
## एवं
## युवा ऊर्जा पर केन्द्रित

# मकर संक्रांति उत्सव

**10-15 जनवरी, 2024**

मुख्यमंत्री

## डॉ. मोहन यादव

द्वारा

**मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत**

**1.29 करोड़ बहनों को ₹ 1576 करोड़ की सहायता**

**56 लाख से अधिक हितग्राहियों को ₹ 341 करोड़**
**की पेंशन एवं आर्थिक सहायता का अंतरण**

**10 जनवरी, 2024 । पूर्वाह्न 11:00 बजे । कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर, भोपाल**

## राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन

- लाड़ली बहनों को सहायता राशि का अंतरण
- मकर संक्रांति को आधुनिक विज्ञान से जोड़ते हुए विज्ञान मेलों का आयोजन
- युवाओं को जिलों के प्लैनिटेरियम और ऑब्जर्वेटरी में स्टडी टूर
- परंपरागत खेलों तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन
- महिलाओं और युवाओं पर केंद्रित 2 दिवसीय (11-12 जनवरी) रोज़गार मेलों का आयोजन
- विद्यालयों में सूर्य नमस्कार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित व्याख्यान, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं
- स्वच्छता व पर्यावरण जागरूकता शिविरों का आयोजन
- स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस 12 जनवरी के अवसर पर राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान
- प्रधानमंत्री जी के द्वारा राष्ट्रीय युवा उत्सव के शुभारंभ का जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आदर्श महाविद्यालय/उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रदर्शन
- युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम व विद्यालय/महाविद्यालयों में ड्राइविंग लाइसेंस शिविरों का आयोजन
- मां तुझे प्रणाम योजना में कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल का 150 युवतियों के दल द्वारा भ्रमण

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11166/23 मध्यप्रदेश शासन

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in